दिनांक- 02.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 123/26

महोबा पुलिस

सर्किल –नगर, थाना - कबरई

थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती बन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कबरई पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

थानाध्यक्ष श्री सत्यवेन्द्र सिंह के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 01.06.2026 को उ0नि0 आकाश मौर्य मय हमराह हे0का0 भूपसिंह, रि0आ0 अमन कुमार एवं रि0आ0 अतुल सिंह द्वारा एक अभियुक्त रामकरन पुत्र रामकिशोर प्रजापति, उम्र करीब 35 वर्ष, निवासी ग्राम पिडारी थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम सुरहा खोडा मोड़, से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से एक बोरी में 25 अदद क्वार्टर अवैध देशी शराब (ब्राण्ड “झूम”) बरामद की गई।

उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना कबरई पर मु0अ0सं0 120/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :

1. उ0नि0 आकाश मौर्य
2. हे0का0 भूपसिंह
3. रि0आ0 अमन कुमार
4. रि0आ0 अतुल सिंह

गिरफ्तार अभियुक्त :

रामकरन पुत्र रामकिशोर प्रजापति, उम्र करीब 35 वर्ष निवासी – ग्राम पिडारी, थाना कबरई, जनपद महोबा

बरामदगी का विवरण :

एक बोरी में 25 अदद क्वार्टर अवैध देशी शराब (ब्राण्ड “झूम”)